**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

**आदेश**

**संoसंo–9/आo–01–20/2023(स्वाo) ....................../ पटना, दिनांकः–..................................**

डॉ० श्वेता पंडित, चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोरिया, बासुदेवपुर, सदर प्रखंड, बेगूसराय द्वारा आवेदन समर्पित कर अवगत करायी गयी कि दिनांक–13.04.2021 से लगातार अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप में विभागीय संकल्प सं०–498(9) दिनांक–16.05.2023 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। वे दिनांक–23.11.2022 से 29.11.2024 तक राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं सुपर फैसिलिटी अस्पताल, आजमगढ में NBEMS Diploma में अध्ययनरत रही है। उनके द्वारा पाठ्यक्रम पूर्ण होने के उपरान्त दिनांक–26.12.2024 को अभ्यादेवन समर्पित करते हुए पदस्थापित स्थल पर योगदान करने का अनुरोध की गयी।

**2.** डॉ० श्वेता पंडित द्वारा पदस्थापित स्थान पर योगदान करने हेतु की गयी अनुरोध के समीक्षोपरांत डॉ० श्वेता पंडित का योगदान स्वीकार करते हुए उनसे कार्य लिये जाने का निर्णय लिया गया है।

**3.** सिविल सर्जन, बेगूसराय को निदेशित किया जाता है कि डॉ० श्वेता पंडित को आदेश निर्गत की तिथि से योगदान स्वीकार करते हुए उन्हें पूर्व पदस्थापित स्थान का प्रभार ग्रहण कराया जाय। डॉ० श्वेता पंडित का योगदान करने की सूचना से अविलब विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

**4.** डॉ० श्वेता पंडित, चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोरिया, बासुदेवपुर, सदर प्रखंड, बेगूसराय के विरूद्ध अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप में विभागीय संकल्प सं०–498(9) दिनांक–16.05.2023 द्वारा संचालित विभागीय कार्यवाही के आधार पर आलोच्य अवधि के लिए निर्णय लिया जाएगा।

**5.** इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(उपेन्द्र राम)
**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक–9/आ0–01–20/2023(स्वा0)** 54(9)/ **पटना, दिनांकः–** 14.01.25

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार, (ले0 एवं हक0) बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, मुंगेर प्रमण्डल, मुंगेर/सिविल सर्जन, बेगूसराय को निदेशित किया जाता है कि डॉ० श्वेता पंडित के कर्त्तव्य पर योगदान करने से संबधित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

**प्रतिलिपि**–डॉ० श्वेता पंडित, चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोरिया, बासुदेवपुर, सदर प्रखंड, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग के आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐ बिहार पटना/अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग/प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–2, 3, 7, 8, 17 एवं 18A स्थापना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

14/01/2025
**सरकार के अवर सचिव।**